तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 18 अगस्त 2025

12 कोसरिया यादव समाज ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी

10 धूमधाम से मनाया गया दही हांडी उत्सव...




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुडको, भिलाई (छ.ग.) (2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# सियादेवी मंदिर मार्ग पर बड़ा हादसा टला, रपटे पर पानी के तेज बहाव में बहे दो युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लगातार बारिश के कारण नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ रहा है, जिसका असर प्रसिद्ध दार्शनिक और पर्यटक स्थल मां सियादेवी मंदिर जाने वाले मार्ग पर भी पड़ा है।

मंदिर तक पहुंचने से पहले एक रपटे को पार करना पड़ता है, जो फिलहाल पानी में डूबा हुआ है। इसके बावजूद श्रद्धालु अपनी जान जोखिम में डालकर इसे पार कर रहे हैं, जिससे रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। रविवार को मंदिर दर्शन और प्राकृतिक झरने का आनंद लेने पहुंचे दो युवक रपटे पर बह रहे तेज पानी के बहाव में उतर गए और बहने लगे। उन्हें बहता देख चारों ओर अफरा-तफरी मच गई और लोग चीखने-चिल्लाने लगे। सौभाग्य से, मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और बड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना का वीडियो भी पर्यटकों ने बनाया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### श्रद्धालु अपनी जान जोखिम में डालकर इसे पार कर रहे



### सुरक्षा के दावे खोखले साबित

ग्राम पंचायत नारागांव के उपसरपंच जगन्नाथ साहू ने बताया कि मंदिर में प्राकृतिक झरने और मनमोहक सुंदरता के कारण इन दिनों भारी भीड़ उमड़ रही है। इस घटना ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है। पर्यटकों और श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी और सुरक्षा व्यवस्था की कमी के चलते यह हादसा हुआ। हालांकि, इस घटना में दोनों युवकों को बचा लिया गया, लेकिन पर्यटकों में प्रशासन के प्रति काफी गुस्सा देखा गया।



## खबर संक्षेप

### वर्किंग शेड से हजारों का सामान चोरी, मामला दर्ज

**बालोद।** जिले के ग्राम देवरी (ख) में निर्माणाधीन वर्किंग शेड से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चुरा लिया है। इस घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत की सरपंच ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम देवरी (ख) की सरपंच कुसुम देशमुख ने बताया कि पंच गिरधर देशमुख वर्किंग शेड भवन में सोखता बनाने के लिए गिट्टी लेकर गए थे। उन्होंने देखा कि शेड के दरवाजे पर लगा पंचायत का ताला टूटा हुआ है और उसकी जगह दूसरा ताला लगा दिया गया है। अंदर का दूसरा दरवाजा भी खुला था। इसकी सूचना मिलने पर सरपंच ने खुद जाकर देखा। निरीक्षण करने पर पाया गया कि भवन से 7 सीलिंग पंखे, एक बोरी सिलाई मशीन और 2 इलेक्ट्रिक बोर्ड गायब थे। ये सामान 11 अगस्त की शाम 5 बजे से 12 अगस्त की सुबह 8 बजे के बीच चोरी किए गए। सरपंच की शिकायत के बाद, पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305 और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### बच्चे का अपहरण कर बिहार में बेचा, चार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** नौ माह के बच्चे की तस्करी मामले में पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि घटना 20 जून 2025 की है। पीड़िता की रिश्तेदार संगनी बाई और संतोष पाल ने उसे फोन कर बुलाया। पीड़िता करीब 9 माह के बेटे के साथ दुर्ग से कोरगांव (जिला कोण्डागांव) होते हुए पटना पहुंची। आरोपी उसे किराए के मकान में रुके थे। 8 जुलाई को वापस भेजने के बहाने उसे आरा रेलवे स्टेशन ले गए। दानापुर स्टेशन पर खाना लाने के बहाने आरोपियों ने बच्चे को उसकी गोद से छीन लिया और फरार हो गए। बच्चे की अपहरण के बाद पीड़िता दुर्ग लौटकर महिला थाना सेक्टर 6 पहुंची। जहां पुलिस ने 25 जुलाई को अपराध कायम कर जांच में लिया। इसके लिए पुलिस ने दो टीमें बनाईं। एक टीम ने संगनी बाई को कोरगांव से पकड़ा। दूसरी टीम बिहार भेजी गई। पुलिस ने नालंदा, पटना, भदौर और तारतर से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## समस्याः सड़क की मरम्मत की मांग, शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं

# गुंडरदेही-अर्जुंदा सड़क बनी जानलेवा बड़े-बड़े गड्ढे बन रहे हादसों की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा किए जा रहे तमाम दावों और प्रयासों के बावजूद, हकीकत यह है कि सड़कों की खस्ताहाल स्थिति और उनमें बने जानलेवा गड्ढों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण गुंडरदेही से अर्जुंदा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है, जो लोक निर्माण विभाग की घोर अनदेखी के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का सबब बन रही है।

इस सड़क की जर्जर हालत ने न केवल आम लोगों की यात्रा को जोखिम भरा बना दिया है, बल्कि कई मासूम जिंदगियों के लिए खतरा भी पैदा कर दिया है। यह सड़क कई जगह से बुरी तरह टूट चुकी है और उस पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़क की सतह समतल होने के कारण वाहन चालक अक्सर अपनी सामान्य गति से चलते हैं, लेकिन अचानक सामने आने वाले ये गड्ढे उन्हें संभलने का मौका ही नहीं देते। इस कारण तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो रहे हैं। यह स्थिति खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। गड्ढों में पहिया आने से कई चालक उछलकर गिर जाते हैं या संतुलन खोकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन गड्ढों की वजह से रोजाना कोई न कोई छोटा-बड़ा हादसा हो रहा है, जिसकी खबर शायद ही कहीं पहुंच पाती है।



### नियमित यात्रियों के लिए भी खतरा

यह सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि जो लोग नियमित रूप से इस रास्ते से आते-जाते हैं, उन्हें भी गड्ढों का सही अनुमान नहीं लग पाता। सड़क की जर्जर स्थिति ने लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है। लोग अब इस सड़क पर यात्रा करने से कतराने लगे हैं, क्योंकि उन्हें हर वक्त दुर्घटना का डर सताता रहता है। सड़क पर आए दिन होने वाले हादसों को देखते हुए यह जरूरी हो गया है कि लोक निर्माण विभाग और स्थानीय प्रशासन तुरंत इस पर ध्यान दे और जल्द से जल्द इन गड्ढों को भरकर सड़क की मरम्मत कराए, ताकि लोगों की जान सुरक्षित रहे और आवागमन सुचारू हो सके। यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों के लिए जीवनरेखा है, जिसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन का दायित्व है।

### रात और बारिश में और भी बढ़ जाता है खतरा

रात के समय यह खतरा और भी कई गुना बढ़ जाता है। सामने से आ रही गाड़ियों की तेज हेडलाइट की चकाचौंध में सड़क पर बने गड्ढे ठीक से दिखाई नहीं देते, जिससे रात में सफर करना बेहद जोखिम भरा हो गया है। इसके अलावा, बारिश के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से इनका अंदाजा लगाना और भी मुश्किल हो जाता है। पानी से भरे गड्ढे किसी गहरे तालाब की तरह दिखाई देते हैं, जिससे दिन में भी इन पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग से शिकायत की है, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सड़क की मरम्मत की मांग लगातार की जा रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है।

# बालोद-दुर्ग मार्ग पर कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद-दुर्ग मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पायला निवासी मिलन यादव और ताम्रध्वज यादव अपनी बाइक (सीजी 07 एलएक्स 6576) से पंखा बनवाने के लिए गुंडरदेही जा रहे थे। इसी दौरान, बालोद से दुर्ग की ओर जा रही एक कार (सीजी 07 बीई 3696) ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक मौके पर ही बाइक सहित गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। बाद में, परिजनों के आने के बाद एक युवक की हालत स्थिर होने के कारण उसे स्थानीय अस्पताल में ही इलाज दिया गया। वहीं, दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों युवकों को सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जबकि कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## संतान की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा व्रत...



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में 14 अगस्त, गुरुवार को महिलाओं ने संतान की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए हलषष्ठी (कमरछठ) का व्रत रखा। नेमन साहू ने बताया कि इस दिन सैकड़ों महिलाओं ने अलग-अलग मोहल्लों में सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। छठ माता की पूजा में मिट्टी से शिवलिंग, बैल, और गौरी-गणेश की प्रतिमाएं बनाकर कुश की पूजा करने की परंपरा है। इस दौरान महिलाएं पूजा की थाल सजाकर एकत्रित होती हैं और हलषष्ठी व्रत की कथा सुनती हैं। इस वर्ष भी गांव की महिलाओं ने पूरे भक्तिभाव से यह व्रत संपन्न किया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बालोद।** जिले के ग्राम रूदा में एक 37 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक युवक का नाम विक्रम जांगड़े है। परिजनों को घटना का पता तब चला जब वे कमरे में गए और उन्हें विक्रम फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना आसपास के लोगों और पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा, पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल, पुलिस इस अचानक हुई आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# अपराध रोकथाम के लिए पुरूर थाना द्वारा व्यापारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

थाना पुरूर द्वारा अपराध की रोकथाम के लिए व्यापारी संघ पुरूर का बैठक लिया गया। अपराध की रोकथाम के लिए थाना प्रभारी पुरूर के द्वारा दिशा निर्देश दिया गया। अपराध के रोकथाम के लिए व्यापारी संघ पुरूर का बैठक लिया गया तथा बैठक मे व्यापारीगण, दुकानदार, नागरिक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिन्हे थाना प्रभारी पुरूर के द्वारा अपराध की रोकथाम हेतु सायबर फ्राड, आनलाईन धोखाधड़ी, नशे के कारण हो रहे अपराध, बढ़ते अपराध व उसके रोकथाम संबंधी दिशा निर्देश दिया गया। समय सीमा मे दुकान बंद करने हेतु संचालको द्वारा सहमति दिया गया तथा अपराध के रोकथाम के लिए अपनी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अपने अपने निवास दुकानो मे सीसीटीव्ही कैमरा लगाकर रखने एवं नियमित सीसीटीव्ही कैमरा चेक करते रहने की सलाह दिया गया।



थाना प्रभारी द्वारा यातायात नियमो का सभी को पालन करते हुए व्यस्तम एनएच 30 मार्ग मे बेतरतिब खड़े वाहनो की पार्किंग रख, रखाब से होने वाली दुर्घटनाओ से बचने की सलाह दी गई तथा रोड़ पर घुम रहे गौवंशो के पशु पालको को अपने अपने घरो मे बाधकर रखने की सलाह दी गई, ग्राम पुरूर के व्यापारी संघ व्यवसायी, दुकानदारो, चाय दुकान, होटल, ढाबा को समय मे चालू एवं बंद करने तथा संदिग्ध व्यक्तियो एवं अपराधिक प्रकृत्ति के व्यक्तियो की सूचना थाना मे देने की अपील की गई।

जिससे अपराध मे रोकथाम की जा सके तथा अधिक व्यक्तियो को सायबर प्रहरी गुरप मे जुड़कर जागरूक रहने अपील की गई।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी पर चैतन्य झांकी का आयोजन

# शुद्धता से करें कृष्ण का आह्वान : विजयलक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आत्मज्ञान भवन, आमापारा, बालोद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर एक मनमोहक चैतन्य झांकी सजाई गई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई श्रीकृष्ण की झांकी इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही।

इस झांकी का उद्घाटन वार्ड नं. 14, आमापारा, बालोद के पार्षद आशा पटेल, पूर्व कार्यपालन अभियंता पुरुषोत्तम सुधाकर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भोपसिंह साहू, मुख्य संचालिका बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी और बी.के. सरिता दीदी ने दीप प्रज्वलन कर किया। बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि लोग श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित झांकियां सजाते हैं, लेकिन यह नहीं सोचते कि उनका जीवन झांकियों के योग्य कैसे बना। उन्होंने जोर दिया कि झांकियों को देखने के बाद हमें अपने जीवन में भी झांकना चाहिए और यह देखना चाहिए कि हम श्रीकृष्ण की तरह श्रेष्ठता को कितना अपना पाए हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का आह्वान करने से पहले हमें अपन आहार, व्यवहार और विचार को शुद्ध करना होगा।



### कृष्ण का अर्थ है - आकर्षण करने वाली मनमोहक आत्मा

बी.के. सरिता दीदी ने 'कृष्ण' शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि 'कृष्ण' का अर्थ है 'आकर्षण करने वाली मनमोहक आत्मा', जो दिव्य गुणों से सुसज्जित होती है। उन्होंने कहा कि देवता का अर्थ है 'देने वाला', जबकि कलियुग में हम सब 'लेने वाले' बन गए हैं। उन्होंने संदेश दिया कि जब हम दूसरों को सुख, शांति, सम्मान और प्यार देते हैं, तो वही हमारे पास लौटकर आता है। इस मनोरम झांकी को देखने के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### रक्षासूत्र बांध फल की टोकरी व तुलसी की भेंट

**भिलाई।** आशाराम आश्रम महिला उत्थान मंडल नंदिनी नगर के तत्वधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीमा सुरक्षा बल रिसाली भिलाई के जवानों को रक्षासूत्र बांधा गया एवं फल की टोकरी एवं तुलसी पौधा भी भेंट किया गया। उक्त जानकारी राधिका साहू महिला मंडल के द्वारा दी गई।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रदर्शन 22 को

**दुर्ग।** मोदी की गारंटी पूरा नहीं होने से नाराज छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से जुड़े विभिन्न कर्मचारी संगठन के कर्मचारी 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इस संबंध में जिला पंचायत सभा कक्ष में बैठक हुई। फेडरेशन के जिला संयोजक विजय लहरे ने बताया कि प्रदर्शन में वन कर्मचारी संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, लिपिक संघ, शिक्षक फेडरेशन, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ, लघु वेतन कर्मचारी संघ जीएसटी कर्मचारी संघ सहित विभिन्न कर्मचारी संगठन से जुडे कर्मचारी दफतर बंद कर आंदोलन पर रहेंगे। उक्त बैठक मे जीआर चन्द्रा प्रांतीय पर्यवेक्षक, रोहित तिवारी प्रांतीय पर्यवेक्षक, अजीत दुबे प्रांताध्यक्ष वन कर्मचारी संघ, राजेश चटर्जी संभाग प्रभारी, हरी शर्मा, महासचिव अनुरूप साहू, जीएस टी कर्मचारी संघ प्रमुख प्रदीप चौहान, लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष मोतीराम खिलाडी, पेंशनर संघ प्रमुख आनंद मूर्ति झा की उपस्थिति में सर्व सम्मति से छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष दुर्ग के भानु प्रताप यादव को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन का जिला मीडिया प्रभारी घोषित किया गया।

### मनाया गया कामरेड शिबदास की स्मृति दिवस

दुर्ग। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के संस्थापक महासचिव, आजादी आंदोलन के क्रांतिकारी, मार्क्सवादी दार्शनिक और चिंतक कॉमरेड शिबदास घोष के 50 वें स्मृति दिवस के अवसर पर कैलाश नगर में जनसभा का आयोजन किया गया। सभा के मुख्य वक्ता केन्द्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड द्वरिकानाथ रथ ने बताया कि कॉमरेड शिबदास घोष आजादी आंदोलन की क्रांतिकारी संगठन अनुशासन समिति में 13 वर्ष की उम्र में शामिल हुए थे। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान वे जेल गए। शिबदास घोष ने सही क्रांतिकारी पार्टी के रूप में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) को स्थापित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से कॉमरेड शिबदास घोष के सिद्धांतों व विचारों पर चलने की अपील की। अध्यक्षता पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड विश्वजीत हारोडे ने किया।

### दुर्ग जिले सहित प्रदेश में बढ़ रहे अपराध कार्रवाई के नाम पर हो रही, सिर्फ खानापूर्ति

**भिलाई।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश और दुर्ग जिला की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर तीखा हमला किया है। आप पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था फेल हो चुका है। हर दिन हो रही हत्याओं, चाकूबाजी, लूट से प्रदेश में आम जनता डरी हुई है। कल धमतरी में रायपुर के 3 युवकों की सरेआम दौड़ा दौड़ा कर चाकू मारकर हत्या हो गयी। अपराधियों के हौसले बुलंद है क्योंकि पुलिस प्रशासन कमजोर हो चुकी है। कुम्हारी में अभी तीन दिन पहले चाकूबाजी हुईं लगभग हर रोज नशे की हालत में अपराध जैसे छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया हो नशे का कारोबार आम हो गया हैं जिले का आम आदमी डर के साय मे जीने को विवश हैं। पुरे प्रदेश और दुर्ग जिले मे आपराधिक घटनाये हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सरकार और गृहमंत्री नींद में सोये हुए हैं । सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार है। उन्होंने कहा भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर पत्थरबाज़ी हो जाती है, तो आम जनता की हालत कैसी होगी? सुशासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है।

# महान कवि, लेखक, राजनीति के अजातशत्रु थे अटल बिहारी : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता, महान कवि, लेखक, राजनीति के अजातशत्रु, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर भाजपाजनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव चंद्राकर, प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित रहे । भाजपा जनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारत रत्न, छत्तीसगढ़ के राज्य निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री जिनके प्रत्येक भाषण में कविताओं के माध्यम से जीवन का सार झलकता है अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक ऐसे भीष्म-पितामह माने जाते हैं जो आम जनता में लोकप्रिय और अजात शत्रु यानि उनका कोई भी दुश्मन नहीं था और विपक्ष भी उनका सम्मान करता था। वे जितने अच्छे राजनेता थे। उन्होंने 3 बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू, मंत्री आशीष निंमजे, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी, प्रवक्ता दिनेश देवांगन मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, कुलवंत सिंग सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यालय में मनाई गई वाजपेयी की पुण्यतिथि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी हुए शामिल

### कई ऐतिहासिक कार्य किए : ललित

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्री अटल प्रधानमंत्री के कार्यकाल में कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य किया जो आज भी हम सभी को याद है सबसे प्रमुख पोखरण परमाणु परीक्षण वैश्विक स्तर पर राजनीतिक दबाव के बावजूद अपनी दृढ इच्छा शक्ति के बदौलत उन्होंने परमाणु परीक्षण किया। कई देशों ने देश पर प्रतिबंध लगाए लेकिन दूरगामी परिणाम को लेकर देश हित में उन्होंने कई राजनीतिक कदम उठाए ऐसे उनके कई कार्य हैं जो हमें प्रेरणा प्रदान करते हैं।



### छग लगातार विकास के पथ पर

दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने संबोधित करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ का निर्माण हुआ और अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की घोषणा की उसके बाद से छत्तीसगढ़ लगातार विकास के पथ कुछ वर्षों को छोड़कर लगातार अग्रसर है एक बार सदन में जब उनकी सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर एक वोट से गिर गई थी तो सरकार के सदस्यों ने कहा था कि एक वोट की खरीदी बिक्री की जा सकती है पर उन्होंने कहा था कि सरकार आएंगे जाएंगे सत्ता प्राप्त करने के लिए ऐसा कार्य मैं नहीं करूंगा।

## पर्व

### दल्लीराजहरा में जन्माष्टमी का उल्लास, जगह-जगह दही-हांडी लूट का भव्य आयोजन

# धूमधाम से मनाया गया दही हांडी उत्सव, उत्साह में डूबा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

सावन-भादो की लगातार बरसात के बीच भी दल्लीराजहरा शहर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर के फौव्वारा चौक, बस स्टैंड चौक, श्रमवीर चौक, पुराना बाजार, न्यू मार्केट, जैन भवन चौक समेत कई जगहों पर दही-हांडी लूट का भव्य आयोजन किया गया। 'गोविंदा आला रे' के जयघोष के साथ युवाओं की टोलियां दही-हांडी फोड़ते नजर आईं। शहर की विभिन्न समितियों ने दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन कर श्रद्धालुओं में उत्साह भर दिया। जहां भी दही-हांडी टूटी, वहां मौजूद भीड़ ने तालियां बजाकर और नारे लगाकर गोविंदाओं का उत्साह बढ़ाया। बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में लोग इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बने।







### क्या है दही-हांडी उत्सव का महत्व?

दही-हांडी उत्सव भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की याद में मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, बाल कृष्ण अपने ग्वाल-बालों के साथ मिलकर माखन और दही चुराते थे, जिसके कारण उन्हें 'माखन-चोर' के नाम से जाना जाता था। इसी बाल रूप और माखन चोरी की लीलाओं को दर्शाने के लिए दही-हांडी का आयोजन किया जाता है, जिसमें युवाओं की टीमें मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर लटकी हांडी को फोड़ती हैं।दल्लीराजहरा में दही-हांडी उत्सव में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बरसते पानी में भी लोगों का जोश कम नहीं हुआ, बल्कि दोगुना हो गया। यह आयोजन सिर्फ धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, सामूहिकता और परंपराओं को बनाए रखने का भी संदेश देता है।

### हल्दी में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव

**गुंडरदेही।** ग्राम हल्दी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण यादव समाज ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की एक भव्य झांकी निकाली। झांकी पूरे गांव में भ्रमण करते हुए दही लूट के साथ आगे बढ़ी। इसके बाद, साहाड़ा देव श्रीकृष्ण मंदिर के पास केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया और भगवान की पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर, जनपद पंचायत सदस्य और सभापति अश्वनी कुमार कटहरे, सरपंच भगवत प्रसाद ठाकुर, उपसरपंच, पंचगण, यादव समाज के पदाधिकारी, और गांव के सभी नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# पाटन में मांस विक्रय करने वालों से वसूला गया जुर्माना



**पाटन।** शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में मांस-मटन का विक्रय करने वालों पर कार्रवाई की गई। पाटन में खुले में मांस का विक्रय करने वालों से जुर्माना वसूला गया। विश्व हिंदू परिषद ने इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया। मौके पर जाकर कार्रवाई शुरू की। नगर पंचायत की टीम ढाबों एवं होटल में पहुंचे तो वहां पर बेधड़क मांस का विक्रय करते पाया गया। विश्व हिंदू परिषद के अवधेस सिंह ठाकुर ने कहा कि मास विक्रय बंद करने के निर्देश के बाद भी खुलेआम इसकी बिक्री की जा रही थी। शिकायत के बाद कार्रवाई की गई।

## कमरछठ पर सगरी पूजा कर महिलाओं ने मांगी संतान की लंबी आयु व सुख समृद्धि



**दुर्ग।** न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर में महिलाओं ने गुरुवार को अपनी संतान की लंबी आयु व उसकी सुख-समृद्धि की कामना को लेकर कमरछठ का व्रत रखा। बड़ी संख्या में महिलाओं ने कमरछठ का व्रत रखा और पूजा की। यह त्योहार संतान की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए मनाया जाता है। कमरछठ जिसे हलषष्ठी या ललही छठ भी कहा जाता है। इस दिन, माताएं अपनी संतान की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं और विशेष पूजा करती हैं। महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा की हैं। इसके अलावा, एक चौकी पर कपड़ा बिछाकर कलश स्थापित की और पूजा अर्चना कर कथा सुनाया गया। कमरछठ के दिन, पसहर चावल का विशेष महत्व होता है। इस अवसर पर उषा राजपूत, सरिता ठाकुर, श्वेता बक्शी,ज्योति कन्नौजे, पूनम सिंह, दीपिका बघेल, रितिका गौतम, प्रियंका सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## स्कूल में अलंकरण समारोह

# छात्र परिषद का गठन, बैच लगाकर किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री महावीर जैन विद्यालय, शिक्षक नगर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को औपचारिक रूप से उनके पद और दायित्व सौंपे गए। यह समारोह स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर साइबर क्राईम डॉ. संकल्प राय, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और स्कूल प्रार्थना के साथ हुई। मुख्य अतिथि डॉ. संकल्प राय, ने छात्रों को उनके नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं और नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को बैच और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी सदस्यों ने शपथ ली कि वे स्कूल के मूल्यों और नियमों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने नृत्य के माध्यम से नेतृत्व और एकता का संदेश दिया। समारोह का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## स्वच्छता संगम-2025 में निगम का हुआ सम्मान

# स्वच्छता दीदियों का सम्मान हम सभी के लिए प्रेरणा : महापौर अल्का

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में स्वच्छता संगम-2025 का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के नगरीय निकायों की स्वच्छता टीमों और स्वच्छता दीदियों का उत्साहपूर्वक स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम का आयोजन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर के बहतराई स्थित इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू, विधायकगण धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, दुर्ग महापौर अलका बाघमार सहित प्रदेश के विभिन्न नगर निगम व नगर पालिकाओं के महापौर, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वच्छता दीदियों का योगदान अमूल्य है। वे न केवल शहर को स्वच्छ रखती हैं, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवन की गुणवत्ता और शहर की छवि को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों, विशेषकर दुर्ग नगर निगम की स्वच्छता टीम की सराहना की। कार्यक्रम के तहत स्वच्छता दीदियों का पारंपरिक तरीके से पद-प्रक्षालन और सम्मान, स्वच्छ सर्वेक्षण-2024-25 के विजेताओं की घोषणा व सम्मान, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ, जिसका उद्देश्य स्वच्छता व शहरी सौंदर्यीकरण में नवाचार को बढ़ावा देना, नगरीय निकायों में सुशासन, प्रशासनिक कौशल व नागरिक सहभागिता को मजबूत करना था।



## विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

# नशा मुक्ति अभियान : नशे के दुष्प्रभावों की दी गई जानकारी




**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में 13 अगस्त को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मादक द्रव्यों के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा सामूहिक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश के सभी जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना है। इस अभियान में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता प्रदान तथा सभी को शपथ दिलाई गई । अभियान का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि मिश्रा के मार्गदर्शन मे किया गया।

## महीने में दो बार होगी जोन-2 के सभी वार्डों के नालों की सफाई

# दुर्ग में नालों की सफाई के लिए बनी सफाई एक्सप्रेस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जोन क्रमांक 2 में सफाई एक्सप्रेस टीम का शुभारंभ किया। इस टीम का गठन विशेष रूप से नालों की गहराई से सफाई और जलभराव की समस्या को रोकने के उद्देश्य से किया गया है। शुभारंभ अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने एक्सप्रेस टीम के 15 चयनित सफाई योद्धाओं को बारी-बारी से गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सफाई कर्मियों को निर्देश दिए कि शहर के नालों की सफाई में पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य करें, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

- महापौर और आयुक्त ने किया शुभारंभ



### टीम सभी वार्डों के नालों को महीने में दो बार करेगी सफाई

एक्सप्रेस टीम का मुख्य कार्य जोन क्रमांक 2 के सभी वार्डों के नालों की महीने में दो बार सफाई करना है। इससे नालों में गंदगी जमा नहीं होगी और बरसात में जल निकासी सुचारु रूप से हो सकेगी। टीम तेजी और कुशलता से कार्य करेगी, जिससे वार्डवासियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण सफाई सेवाएं मिलेंगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा शहर की सफाई व्यवस्था में नालों का महत्व बहुत बड़ा है।

### टीम समय पर गुणवत्ता के साथ करेगी सफाई

बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या से बचने के लिए सफाई एक्सप्रेस टीम का गठन किया गया है। यह टीम समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ सफाई करेगी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि नालों की सफाई न सिर्फ नियमित हो, बल्कि उसमें गति और गुणवत्ता भी बनी रहे। एक्सप्रेस टीम विशेष रूप से इन दोनों पहलुओं पर काम करेगी। इस अवसर में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, निलेश अग्रवाल, धर्मेन्द्र मिश्रा, शोएब अहमद सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

# आयुक्त ने एसएलआरएम सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर अंतर्गत जोन कार्यालय निर्माणाधीन एसएलआरएम सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, भवन निर्माण एवं अवैध निर्माण का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया निरीक्षण। निगम आयुक्त द्वारा जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में जोन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। टंकी के नीचे बने कमरा में बारिश के पानी से दिवालों एवं सिलिंग में सीपेज आ रहा है, जिसका संधारण कराने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रं. 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण कर कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देशित किया गया। समीपस्थ सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर बंद पड़े पंप का संधारण हेतु निर्देशित किया गया। केयरटेकर से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा की। निगम आयुक्त द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में रोड साईड में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता रखते हुये कार्य करने निर्देशित किये। शासकीय जमीन पर अवैध रूप से पार्किंग बनाकर कब्जा किया गया है और वहां बड़े वाहनों को खड़ा किया जा रहा है, जिसे हटाने सहायक राजस्व अधिकारी को कहा । पर्यावरण एवं धूलमुक्त शहर की संकल्पना हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में इस रोड को शामिल कराने प्रस्ताव भेजे जाने हेतु जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### भिलाई-3 में सटोरिया से 45 हजार रुपए जब्त

**भिलाई।** सटोरिया को पुलिस ने नगदी रकम के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में भिलाई तीन पुलिस ने कार्रवाई किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नूतन चौक भिलाई 3 निवासी राहुल चौरसिया हार जीत का दांव लगा रहा है। पुलिस ने तुंरत टीम लेकर दबिश देने पहुंची। जहां राहुल सट्टा खिला रहा था। उसे पकड़ कर 45 हजार रुपए और 20 नग सट्टा पट्टी, नीले स्याही का डाट पेन जब्त किया।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवनाथ नदी रोड पंचवटी भवन के सामने अवैध शराब बेचते हुए तकिया पारा दुर्ग निवासी शेख रहमान को पकड़ा गया। उसके पास से कुल 5.4 बल्क लीटर शराब 3 हजार रुपए का जब्त किया गया।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार करन वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश दिया। पूछताछ में आरोपी युवकों ने अपना नाम  ग्राम चाका मुंडीचर प्रयागराज यूपी निवासी मोहित जायसवाल, डब्ल्यू बंसकार को पकड़ा गया। आरोपी युवक गांजा को उड़िसा से खरीद कर बस से दुर्ग पहुंचे। दुर्ग से ट्रेन पकड़कर वापस प्रयागराज जाने की तैयारी में थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने 21.260 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। जिसकी कीमत 2. 10 लाख रुपए आंकी गई है। उक्त आरोपियों से पूछताछ करने के बाद अहम जानकारी मिली। पुलिस इसे लेकर जांच में जुट गई। इस दौरान पुलिस ने यूपी निवासी संदीप कुमार सिंह पटेल पकड़ा गया। उसने पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### ट्रक हटाने को लेकर विवाद पुलिस कर्मी पर हमला

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस के एक जवान को ट्रक चालक ने रॉड से हमला करने का मामला सामने



आया है। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि गुरुवार 14 अगस्त की रात 10.30 बजे हाईवे ढाबा के पास ड्यूटी पर तैनात सहायक उप निरीक्षक सुशील पांडे सड़क पर खडी ट्रक को हटाने को चालक से कहा। लेकिन चालक महेश बागड़े आक्रोशित होकर उप निरीक्षक पर हमला कर दिया। घटना में गंभीर रुप से घायल सुशील पाण्डे को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद सुशील को एम्स रायपुर रेफर कर दिया गया। ओमप्रकाश की शिकायत पर कुम्हारी पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी महाराष्ट्र के गोंदिया निवासी है।  पुलिस की जांच में पता चला है कि विवाद गलत तरीके से खड़े ट्रक को हटाने को लेकर हुई थी। गौरतलब हो कि ट्रक चालको का हौसला इतना बुलंद हो गया है कि पुलिस कर्मियों पर हमला कर रहे है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से जिले चौपट हो गई है।

**पर्व : आयोजन में नागरिकों, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया**

# डौंडीलोहारा के वार्ड 10 में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड क्रमांक 10 में 79वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही जोश और उल्लास के साथ मनाया गया। देशभक्ति की भावना से भरे इस आयोजन में वार्ड के नागरिकों, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही पूरे वातावरण में देशभक्ति के गीत गूंज रहे थे।

मुख्य कार्यक्रम में वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जैसे ही तिरंगा लहराया, सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाया और देश के प्रति अपने समर्पण की भावना को व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में नीलकमल बारले, मोहित बारले, राजू बारले, तुलाराम देशलहरे, देवेंद्र देशलहरे, बुधमान बारले, विजय बारले, सगनूराम बारले, गुलशन जगनायक, प्रमोद बारले, पेमन बघेल, बहुर बारले, रतन बारले, संतोष बारले, प्रेमनाथ योगी, और तेजराम देवांगन सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### शहीदों को याद किया गया, बच्चों को समझाया गया आजादी का महत्व

आयोजन के दौरान वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उपस्थित लोगों ने बच्चों को आजादी के महत्व के बारे में समझाया और देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड की महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी खास रही। ध्वजारोहण के बाद मिठाई बांटी गई, जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही थी। पूरे दिन वार्ड का वातावरण राष्ट्रप्रेम से भरा रहा।

## कुसुमकसा में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस बारिश के चलते सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचलों में आजादी का जश्न 79 वा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में वेदबाई पिस्दा सरपंच, मंजू बैस जनपद सदस्य ने ध्वजारोहण कर समस्त ग्रामीणों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी/ अंग्रेजी विद्यालय , शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला, शासकीय कन्या प्राथमिक शाला, कन्या आश्रम, सरस्वती शिशु मंदिर, कुसुम पब्लिक स्कूल, शासकीय बालक प्राथमिक शाला, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, शासकीय आयुर्वेदिक ओषधालय, वन काष्ठागार डिपो,






अप स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय पशु चिकित्सालय ,समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में ध्वजारोहण कर मिठाईयां वितरित किया गया। साथ ही बस स्टैंड चौक,आजाद चौक,आदर्श चौक ,बैगा पारा ,दीप चौक ,आमापारा ,शांतिनगर ,क्रांति चौक में भी ध्वजारोहण कर मिठाईयां वितरित किया गया। 15 अगस्त को अनवरत हो रही बारिश के कारण स्वतंत्रता दिवस समारोह का सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। शाला के बच्चो को ध्वजारोहण के बाद छुट्टी कर दी गई थी। ग्राम पंचायत कुसुमकसा द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व पंचायत भवन में स्वतंत्रता दिवस पर मिठाईयां वितरण किया गया। इस अवसर ग्राम पंचायत परिसर में समस्त पंचगण, ग्रामीणजन उपस्थित होकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा के समक्ष भाजपाइयों ने फहराया तिरंगा



**डौंडीलोहारा।** भाजपा मंडल डौंडी लोहारा के द्वारा स्थानीय बस स्टैंड में स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के समक्ष स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर तिंरगा फहराने का कार्यक्रम रखा गया जिसमें राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल के करकमलों से ध्वजा रोहण किया गया तथा पं. दीनदयाल जी की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किया गया, इस अवसर प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र टेकाम, जिला उपाध्यक्ष द्वय संदीप लोढा, लता गुप्ता,भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य गैंदमल भंसाली,सुभद्रा टांडेकर,मंडल मंत्री पलाश गुप्ता, पूर्व युवामोर्चा अध्यक्ष प्यारे लाल निषाद,नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, कार्यक्रम प्रभारी धिरेन्द्र टांक, जीवराखन कौमार्य,महावीर तातेड, धीरज जैन, रवि लोढा, दिलीप बाफना,पार्षद सूर्य कला ठाकुर,ममता यादव, जूही भंसाली, रेवती  कोलियारे, संदीप भंसाली,शिव भूआर्य, अजय बाफना,आरती संचेती,सहित अनेक कार्यकर्त्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गुंडरदेही जनपद पंचायत में स्वतंत्रता दिवस समारोह और नए सभा गृह का उद्घाटन



**गुंडरदेही।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत गुंडरदेही में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान, जनपद पंचायत के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, उपाध्यक्ष नितेश मोंटी यादव, सभापति गुलशन कुमार साहू और अन्य जनपद सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर ध्वजारोहण किया। पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और जोश से गूंज रहा था। इस मौके पर सभी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के बाद, जनपद पंचायत के नए सभा गृह का भी उद्घाटन किया गया। अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने इस नए सभा गृह को 'जनपद पंचायत की विकास यात्रा में एक मील का पत्थर' बताया। वहीं, सभापति गुलशन साहू ने कहा कि यह सभा गृह 'जनता की भागीदारी और एक पारदर्शी पंचायत व्यवस्था की मजबूत नींव' साबित होगा।





### गुरूर में स्वतंत्रता दिवस का जश्न

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा और अन्य पार्षद भी उपस्थित थे, जिन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और देश के प्रति अपनी देशभक्ति व्यक्त की।

### बड़गांव में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**डौंडीलोहारा।** भारतीय स्वतंत्रता के 79 वां वर्ष गांठ धूमधाम से मनाया गया।ग्राम बड़गांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मुख्य कार्यक्रम होना था लेकिन बारिश के चलते सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुआ। सर्वप्रथम शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में, छात्रावास, सोसायटी, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी ग्राम पंचायत भवन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बाजार चौक फिर अंत में मुख्य कार्यक्रम स्थल में ध्वजारोहण किया गया। बारिश के कारण बच्चों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों व ग्राम वासियों ने प्रभातफेरी के बाद प्रसाद वितरण कर समापन किया गया।

### टटेंगा में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टटेंगा में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां भारती और अमर क्रांतिकारियों की पूजा के बाद ध्वजारोहण किया गया। प्राचार्य आरके देवांगन, प्रधान पाठक डीके मोहनमाला, लिखन सर्पा और संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन सहित अन्य शिक्षकों ने मिलकर ध्वज फहराया।

इस दौरान, स्काउट गाइड और रेड क्रॉस के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। प्राचार्य आरके देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन उन सभी को याद करने का है, जिन्होंने मातृभूमि की सेवा में अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। उन्होंने जाति, धर्म और भाषा के भेदभाव को दूर करके भारत को सर्वश्रेष्ठ और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का आह्वान किया। जय हिंद' के नारों के साथ विद्यार्थियों ने एक प्रभात फेरी निकाली। ग्राम पंचायत में सरपंच दीप्ति साहू और ग्राम प्रमुख गेंदलाल देवांगन ने भी ध्वजारोहण किया। इस मौके पर, विद्यार्थियों ने ड्रग जागरूकता अभियान के तहत एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसकी खूब सराहना हुई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर तोरण साहू, प्रियंका सोनवानी, कृतिका मानिकपुरी, वीरेंद्र यादव, मनहरण देवांगन, मूलचंद साहू, और पूर्व सरपंच उत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और शिक्षक मौजूद थे।






## खुंदनी में जनपद पंचायत सभापति ने की टाइल्स लगाने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम खुंदनी में आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत गुरूर की सभापति (स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग) संध्या अजेंद्र साहू  मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस दौरान, उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर स्कूल प्रांगण में प्रार्थना शेड के नीचे स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए चेकर टाइल्स लगवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए वह अपनी आने वाली जनपद निधि से राशि देंगी।

## गुरामी बांध में हुआ सुराख, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र के गुरामी बांध में एक बार फिर सुराख होने की खबर से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। यह वही बांध है जो करीब 30 वर्ष पहले भी टूट चुका था, जिससे कई गांवों को भारी नुकसान हुआ था। इस बार बांध के लबालब भरे होने और लगातार बारिश के कारण लोगों के मन में भय गहराने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल भी बांध के किनारे एक छोटा-सा छेद दिखा था, जिसकी सूचना संबंधित विभाग को दी गई थी। सुशासन तिहार के दौरान भी उन्होंने इस संबंध में आवेदन दिया था, लेकिन समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। इस साल भारी बारिश और पानी का दबाव बढ़ने से यह छेद और बड़ा हो गया है, जिससे किसी भी वक्त गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।



### पानी का दबाव कम करने के लिए खोले गए गेट

हालात की गंभीरता को देखते हुए, जिम्मेदार अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर बांध के गेट खोल दिए हैं ताकि पानी का दबाव कम हो सके। बताया जा रहा है कि पानी धीरे-धीरे खाली होगा और एक सप्ताह बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि सुराख कितना गहरा और खतरनाक है। फिलहाल, पानी लगातार निकाला जा रहा है, लेकिन ग्रामीणों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन ने समय रहते बांध की मरम्मत करा दी होती तो आज ऐसी स्थिति नहीं आती। वे सरकार और जल संसाधन विभाग से स्थायी समाधान के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, यह देखना होगा कि पानी खाली होने के बाद बांध की वास्तविक स्थिति क्या सामने आती है।

**सीसीटीवी कैमरे लगाने और साइबर फ्रॉड से बचने की दी सलाह**

# बालोद पुलिस और दवा विक्रेताओं ने नशा मुक्ति के लिए ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बढ़ते नशे पर लगाम लगाने के लिए बालोद पुलिस ने रविवार को एक विशेष पहल की। पुलिस ने जिले के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों की एक बैठक बुलाई और उन्हें नशा उन्मूलन अभियान में सहयोग करने की शपथ दिलाई।

पुलिस ने साफ तौर पर कहा कि बिना डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन के नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां न बेची जाएं। थाना प्रभारी बालोद, निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालक समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे युवाओं को नशे की लत से बचाने में अहम योगदान करें। एसडीओपी बालोद ने कहा कि नशीली दवाइयों के लिए संपर्क करने वाले युवाओं की



जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को अपनी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने और साइबर फ्रॉड से बचने की भी सलाह दी। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि बिना वैध डॉक्टर के पर्चे के किसी भी नशीली या प्रतिबंधित दवा का विक्रय न किया जाए। एसडीओपी ने चेतावनी दी कि यदि कोई मेडिकल स्टोर संचालक नियमों का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी मामले में यह साबित होता है कि किसी मेडिकल संचालक ने लगातार आरोपियों को नशीली दवाइयां बेची हैं, तो उस पर भी कार्रवाई होगी।

### बच्चों को भी दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

नशा मुक्ति अभियान के तहत, जिला प्रशासन बालोद ने 'स्वतंत्रता दौड़' कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भी नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके अलावा, 15 अगस्त को बैनर और पोस्टरों के जरिए भी लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की गई। दवा विक्रेताओं ने भी शपथ लेते हुए कहा, मैं शपथ लेता हूँ कि यदि ऐसा कोई भी व्यक्ति जो दवाइयों को गलत तरीके से बेचता है या नशा करने के लिए खरीदता है, मेरी जानकारी में आएगा तो मैं पुलिस विभाग को तत्काल सूचित करके अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा।

# सेवा सहकारी समिति धनोरा के कर्मचारी निलंबित, ग्रामीणों ने किया था प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समिति धनोरा में दो कर्मचारियों, मनहरण लाल साहू और भावेन्द्र साहू, के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर 11 गांवों के किसान एकजुट हुए। बीते एक महीने से ग्रामीण दोनों कर्मचारियों को हटाने की मांग कर रहे थे।

ग्रामीणों का आरोप था कि ये कर्मचारी उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं और उन्हें समय पर सुविधाएं नहीं मिल पातीं, जिससे किसानों को परेशानी होती है। रविवार को समिति से जुड़े सभी 11 गांवों के किसानों ने एक बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि दोनों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है, तो वे आंदोलन करेंगे। किसानों की इस मांग पर ध्यान देते हुए 12 अगस्त को अधिकारियों की उपस्थिति में समिति की बैठक हुई। इस बैठक में मनहरण लाल साहू को निलंबित कर दिया गया और भावेन्द्र साहू का डिमोशन कर दिया गया है। उन्हें फिलहाल उनके कार्य से हटा दिया गया है और कोई नया काम नहीं सौंपा गया है। समिति के अध्यक्ष ने किसानों से मामले पर अंतिम निर्णय लेने के लिए तीन दिन का समय मांगा है। समिति अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा किसानो की लगातार शिकायते आ रही थी, उस आधार पर बीते 12 अगस्त को अधिकारियो की उपस्थिति मे मनहरण लाल साहू को वर्तमान मे निलंबित कर उसके खिलाफ जांच की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, वही भावेन्द्र साहू के खिलाफ भी जांच की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### गातापार स्कूल में विदाई और सम्मान समारोह

**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में एक विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह गांव की बेटी पायल साहू को समर्पित था, जिन्होंने विवाह से पहले अपने गृह ग्राम में निस्वार्थ भाव से बच्चों को पढ़ाया। इस अवसर पर, शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष रेवा राम साहू और वर्तमान सरपंच ने पायल साहू के सेवाभाव की प्रशंसा की। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केशव राम ठाकुर ने पायल की अध्यापन शैली को यादगार बताया। समारोह में शिक्षक झामन लाल सोनवानी का भी स्वागत और सम्मान किया गया। इस मौके पर उपसरपंच दिलीप साहू, सेवानिवृत्त अध्यापक एस.आर. साहू, चंद्रहास साहू, देवेंद्र साहू, प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम, संतोषी यादव, कोसिल्या साहू, तामेश्वरी साहू, गीतेश साहू, पंचगण और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। प्रधान पाठक भुनेश्वरी नेताम ने सभी अतिथियों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

### परसदा डंगनिया में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ



**अंडा।** परसदा डंगनिया के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में 15 अगस्त को एक स्मार्ट क्लास का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान, मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, सरपंच सत्यवती साहू, एसएमसी अध्यक्ष नीलांबर और विधायक प्रतिनिधि नीलकंठ टंडन ने इसका उद्घाटन किया। प्रभारी प्राचार्य राजेश चंद्राकर भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। इस स्मार्ट क्लास में बच्चों के लिए कंप्यूटर, आईसीटी लैब, विज्ञान लैब, गणित प्रयोगशाला, जादुई पिटारा, मुस्कान पुस्तकालय, और प्रोजेक्टर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति और जनसमुदाय ने सहायक शिक्षण सामग्री के लिए ₹1,000 की सहयोग राशि देने की घोषणा की, ताकि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। ग्रामीणों ने संस्था प्रमुख महेश चंद्राकर और सभी स्टाफ सदस्यों को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। यह जानकारी उपसरपंच हिलेश्वर साहू द्वारा दी गई।

### पेंड्री सेवा सहकारी समिति में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**गुंडरदेही।** सेवा सहकारी समिति पेंड्री में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष भीखाराम साहू ने सोसायटी प्रांगण में तिरंगा फहराया। इस मौके पर समिति के प्रबंधक और सभी कर्मचारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और देश के प्रति अपनी देशभक्ति व्यक्त की।

पर्व

**सामुदायिक भवन के सामने टीन शेड लगवाने के लिए 1 लाख देने की घोषणा की**

# जेवरतला में कौशल्या यादव समाज ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम पंचायत जेवरतला में कौशल्या यादव समाज और सभी ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की सभापति लक्ष्मी अशोक साहू थीं, जबकि अध्यक्षता जिला कौशल्या यादव समाज बालोद के अध्यक्ष हेमंत यादव ने की।

इस मौके पर जनपद पंचायत गुरुर के सभापति डॉ. हरीकृष्ण, उपाध्यक्ष जिला कौशल्या यादव समाज दुर्गा प्रसाद यादव, सरपंच लिलेश्वरी साहू और उपसरपंच डोमेन साहू सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। सभी अतिथियों ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की, जिसके बाद यादव समाज ने उनका भव्य स्वागत किया। लक्ष्मी साहू ने समाज की मांगों को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं, सभापति डॉ. हरीकृष्ण ने यादव समाज की मांग पर सामुदायिक भवन के सामने टीन शेड लगवाने के लिए 1 लाख देने की घोषणा की।



### सैकड़ों की संख्या में लोग रहे उपस्थित

कार्यक्रम में दिनेश लाल यादव, नरोत्तम निर्मलकर, विष्णु साहू, डॉ. राकेश सार्वा, आरएचओ लखन लाल साहू, अध्यक्ष किरण साहू, धर्मेंद्र कुमार साहू, अश्वनी साहू, और यादव समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा, ग्राम पंचायत के पंच, ग्राम विकास समिति के सदस्य और वरिष्ठ नागरिक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन साहू (सतमरा निवासी) ने किया और दिनेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया

**डौंडीलोहारा।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे देशभर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा, इसी कड़ी में समीप के ग्राम सम्बलपुर में भी श्री कृष्णा जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। गांव के मंदिरों और चौक-चौराहों को रंग-बिरंगी झालरों व रोशनी से सजाया गया। वहीं बाल गोपाल के रूप में सजे नन्हें-मुन्नों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रूप से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। युवाओं की टोली ने उल्लासपूर्वक पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ दी और दही लूटने की रस्म ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में डुबो दिया। भजन-कीर्तन और नृत्य-नाटिका से वातावरण भक्तिमय हो उठा। अंत में सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों की भारी भीड़ उपस्थित रही और देर रात तक जन्मोत्सव की गूंज पूरे गांव में सुनाई देती रही।





## कोसरिया यादव समाज ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी

**बालोद।** गुंडरदेही क्षेत्र के ग्राम लिमोरा में कोसरिया यादव समाज और ग्रामवासियों ने मिलकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत बालोद के प्रतिनिधि और पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच तिलेश्वरी बघेल ने की। इनके साथ ही जनपद सदस्य आसिफ गहलोत और उपसरपंच गजेंद्र चंद्राकर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साह, आनंद और प्रेरणा का पर्व है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र और उनके उपदेशों को मानव जीवन के लिए एक मार्गदर्शक बताया। उन्होंने श्रीमद्भगवद् गीता के संदेशों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि आज यह विश्व के लिए एक बड़ा मार्गदर्शक बन गया है। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज दुनिया का ध्यान गीता के आध्यात्मिक ज्ञान और उसके महत्व पर गया है। इसी कारण आज भारत की पहचान एक आध्यात्मिक गुरु के रूप में स्थापित हो रही है। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि हुई है, भगवान श्रीकृष्ण ने विभिन्न अवतारों में धर्म और संसार की रक्षा की है। इस कार्यक्रम में गिरजाशंकर अग्निहोत्री, शिवेंद्र साहू, तुन्नालाल चंद्राकर, धनेश राम साहू, चिंताराम चंद्राकर, शत्रुहन साहू और यादव समाज के कई लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## डढ़ारी विद्यालय के छात्रों का संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शालेय खेल योग का चयन प्रतियोगिता विगत दिनो जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा के मुख्य आतिथ्य मे सपन जैना जिला खेल समन्वयक, बाईओ एवं बीआरसीसी गुरूर के अध्यक्षता मे बीआरसीसी कार्यालय गुरूर मे संपन्न हुआ।

जिसमे बालोद जिला के विकासखण्डो के योग प्रतिभागी, छात्र छात्राओ ने भाग लिया जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डढ़ारी, संकुल केन्द्र खुंदनी, विकासखण्ड गुरूर के प्रतिभागियो ने प्रदर्शन कर संभाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता योग के लिए चयनित हुए। चयनित प्रतिभागियो मे बालिका 14 वर्श मे गीतांजली, मंजू, डाली, बालिका 17 वर्ष में मोनिका, गीतेश्वरी, बालिका 19 वर्श मे यशु साहू का एवं बालक 14 वर्ष में आयुश कुमार, अमित कुमार का चयन हुआ। सभी चयनित बच्चो को जिला खेल अधिकारी किशोर मेहरा, जिला खेल समन्वयक सपना जैना, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरूर एलके चन्द्राकर, बीआरसीसी गुरूर सीबी निर्मलकर, विकासखण्ड खेल प्रभारी गुरूर ज्ञानसिंग जुरेशिया, संकुल प्राचार्य खुंदनी सीआर साहू, संकुल समन्वयक एचएल पटेल, ग्राम पंचायत डढ़ारी सरपंच, पंचगण, ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी, शाला विकास समिति माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला डढ़ारी के पदाधिकारियो एवं शिक्षक शिक्षिकाओ, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डढ़ारी ने हर्ष व्यक्त की। उक्त जानकारी प्रधानपाठक बालाराम निशाद एवं योग शिक्षक माध्यमिक शाला डढ़ारी ने दिया।



## भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर बालोद स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कुलदीप कत्याल के साथ जिले के कई मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया, जिन्होंने कहा कि अटल जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र सेवा, गरीब कल्याण और सुशासन के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अटल जी को एक महान युग दृष्टा बताते हुए उनकी एक कविता भी पढ़ी। मुख्य वक्ता कुलदीप कत्याल ने अटल जी के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अटल जी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे और वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने 'राष्ट्रधर्म', 'पांचजन्य', और 'वीर अर्जुन' जैसी कई पत्र-पत्रिकाओं का संपादन भी किया। कत्याल ने कहा कि अटल जी 40 साल से अधिक समय तक भारतीय संसद के सदस्य रहे, 10 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा के लिए चुने गए। उन्होंने यह भी बताया कि अटल जी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) सरकार के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने अपना 5 साल का कार्यकाल बिना किसी समस्या के पूरा किया। इस मौके पर अरुण साहू, अमित चोपड़ा, निशा योगी, भुवनेश्वरी ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, अकबर तिगाला और अबरार सिद्धिकी सहित कई नेताओं ने अटल जी के जीवन और विचारों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का आभार शहर मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी ने व्यक्त किया। इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, कार्यालय मंत्री विनोद जैन, मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया और पार्षद दीपक लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।





### बालोद में ठेठवार यादव समाज ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी



**बालोद।** ठेठवार यादव समाज बालोद राज के सदस्यों और पदाधिकारियों ने गंजपारा स्थित ठेठवार भवन में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सामूहिक रूप से मनाया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में बालोद राज के अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, जनपद पंचायत गुरूर की सभापति तारादेवी ताम्रध्वज, महासचिव एलेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष हेमंत यादव, अंकेक्षक वन यादव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, सहसचिव सचिन यादव, कार्यालय प्रभारी रामस्वरूप यादव, मंडल अध्यक्ष जनक यादव, हर्ष यादव, तृप्ति यादव, विजय यादव, उप कोषाध्यक्ष बृजेश यादव, मंडल अध्यक्ष महिपाल यादव सहित समाज के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने दी।

## सेवा के प्रति सजगता से मिलता है सुकूनभरा जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

- डाक विभाग के एबीपीएम बसंत 45 साल की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

नगर डाकघर में सहायक शाखा पोस्टमास्टर (एबीपीएम) के पद पर कार्यरत बसंत शिंदे 45 साल की लंबी सेवा के बाद 13 अगस्त, 2025 को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में उप डाकघर में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें शॉल, श्रीफल और उपहार भेंट कर विदाई दी। इस अवसर पर, उप डाकपाल एसके पैकरा ने कहा कि जो कर्मचारी अपनी सेवा के प्रति सजग रहते हैं, वे सेवानिवृत्ति के बाद एक सुकूनभरा जीवन जीते हैं।




उन्होंने कहा कि सजगता उनके जीवन का अभिन्न अंग बन जाती है। पैकरा ने कहा कि भले ही बसंत शिंदे शासकीय प्रक्रिया के कारण सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन काम करने की उनकी लगन और जिम्मेदारी उन्हें जीवन भर ऊर्जावान बनाए रखेगी।

### डाक विभाग ने संवारा जीवन

बसंत शिंदे ने अपने संबोधन में कहा कि डाक विभाग में 45 साल की सेवा उनके लिए एक यादगार अनुभव रहा।

उन्होंने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति का मतलब केवल सरकारी सेवा से मुक्ति है, जीवन में अनुभव का निचोड़ और समाज सेवा का अवसर तो हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि अब उनके पास घर और समाज की सेवा के लिए पर्याप्त समय है। इसी समारोह में, तवेरा डाकघर के एबीपीएम तारेंद्र कुमार साहू** को भी विदाई दी गई। उन्हें विदेशी डाकघर, नई दिल्ली में सेवा के लिए चयनित किया गया है। तारेंद्र ने बताया कि इंडिया स्तर पर आयोजित विभागीय परीक्षा में लगभग 1,100 उम्मीदवारों में से केवल 40 का चयन हुआ, और उन्हें भी यह अवसर मिला।

उन्होंने सभी विभागीय कर्मचारियों को सलाह दी कि वे नियमित रूप से विभागीय परीक्षा देते रहें, क्योंकि अवसर कभी भी मिल सकता है। इस समारोह में उप डाकपाल एस.के. पैकरा, डाक सहायक सतीश भारते, डाक अधिदर्शक लखनलाल चौहान, और एमटीएस मोहन लाल साहू सहित कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। रणचिराई डाक शाखा के पोस्टमास्टर शिव कुमार साहू ने भी अपने विचार रखे।

### अछोली में रक्तदान शिविर का आयोजन



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम अछोली में 16 अगस्त, शनिवार को स्वर्गीय भरत लाल साहू (सेवानिवृत्त शिक्षक) की पुण्यतिथि पर एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उनके पुत्र, रक्तवीर डॉ. रोशन साहू के नेतृत्व में आयोजित यह शिविर बालाजी ब्लड सेंटर, राजनांदगांव के सहयोग से संपन्न हुआ। इस शिविर में बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया और रक्तदान - महादान के संदेश को आगे बढ़ाया। बालाजी ब्लड सेंटर, राजनांदगांव के मैनेजर राजेंद्र देवांगन ने सभी रक्तवीरों को सुरक्षा और जागरूकता के प्रतीक के रूप में हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया। बालाजी ब्लड सेंटर के स्टाफ, जिसमें फागु लाल, कामिनी और प्रतिमा शामिल थे, ने शिविर की व्यवस्थाओं में सराहनीय योगदान दिया। इस शिविर की सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि डामन कोकिला, चुरेंद्र साहू, गगनदीप साहू, संदीप साहू, नारायण साहू, राधेलाल पांडेय, भूपेंद्र इंदौरिया, और टाकेश साहू जैसे कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। आयोजक परिवार ने इस आयोजन को अपने पूज्य पिता को सच्ची श्रद्धांजलि बताया और संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी ऐसे जनसेवा और मानव कल्याण के कार्य जारी रखेंगे। इस मौके पर ग्रामवासी, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**डौंडीलोहारा।** जननायक और पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर रेंगाडबरी मंडल के ग्राम मंगचुवा में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अटल जी के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि वे सिर्फ एक राजनेता ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा के सच्चे प्रतिनिधि थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को भी विशेष रूप से स्मरण किया गया, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तरा घरेंद्रा (भाजपा मंडल अध्यक्ष), महामंत्री पूनमचंद जैन, बसंत कुमार जैन, कंवल कुमार साहू, पवन साहू, खेतमल जैन, दिलेश्वर कुमार, शंकर लाल नायक, संजय कुमार साहू, चंदूलाल गर्वना, दीपक कुमार सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




